Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a bench of Jabalpur High Court in Bhopal - laid.

साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर (भोपाल): मेरा संसदीय क्षेत्र भोपाल मध्य प्रदेश की राजधानी है जो मध्य में स्थित होने के कारण मध्य प्रदेश के कई जिलों से सीधे सम्पर्क मे है तथा आवागमन की सुविधा से भी यहां पर प्रत्येक शहर, तहसील व ग्राम से आना-जाना अत्यंत सुविधाजनक रहता है, किन्तु भोपाल और आस-पास के जिलों में निवास करने वाले व्यक्तियों को विधिक कार्यवाही के लिए जबलपुर उच्च न्यायालय जाना पड़ता है जिससे न्याय प्राप्त करने में अधिक समय व धन का अपव्यय होता है तथा पीड़ित पक्ष को भी लगातार परेशानी होती है ।

भोपाल में माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ की अत्यंत आवश्यकता है । यह मांग निरंतर लम्बे समय से अधिवक्ताओं एवं आमजन द्वारा की जा रही है ।

मैं अपने क्षेत्र भोपाल में माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ की स्थापना यथाशीघ्र किये जाने का अनुरोध कर रही हूँ ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सके ।